केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

दिनांक: 17.07.2017

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/222
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00215
CICOM/R/2017/00687

अपीलकर्ता : श्री सत्य प्रेम,
ए-6, राम नगर कालोनी,
पो0 – गुरूकुल कांगड़ी,
हरिद्वार – 249404.

निर्णय की तारीख : 17.07.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 29.05.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 22.06.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री एस. सी. शर्मा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 03.07.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 146400/06.07.2017 |

1. अपीलकर्ता ने अपने दिनांक 29.05.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग को भेजे अपने दिनांक 24.12.2016 के पत्र के साथ सभी संलग्नकों की सत्यापित प्रतियॉं एवं अपील सं. CIC/RK/A/2016/001227 की सुनवाई की विडियो रिकार्डिंग की मांग की थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री एस. सी. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल किया है ।

2. प्रथम अपील आवेदन में अपीलकर्ता ने उल्लेख किया है कि उन्हें श्री एस. सी. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई प्रतियॉं सत्यापित नहीं है, इस संदर्भ में उल्लेख किया जाता है कि अपीलकर्ता को प्रदान की गई प्रतियॉं उनके ही पत्र के साथ संलग्न दस्तावेज हैं न कि केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा जारी कोई भी कागजात है, अत: उन्हें केन्द्रीय सूचना आयोग के अधिकारी द्वारा सत्यापित किए जाने का प्रशन ही नहीं है । साथ ही यह भी उल्लेख किया जाता है कि अपीलों की सुनवाई की विडियों रिकार्डिंग का कोई प्रावधान नहीं है । अत: श्री एस. सी. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल तर्कसंगत है एवं इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

17/7/17

RECEIVED
17 JUL 2017
D. No.
Initials